राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
मो॰–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

श्री लाल जी टंडन ने बिहार के राज्यपाल के पद की शपथ ली

पटना, 23 अगस्त 2018

माननीय श्री लाल जी टंडन को आज पूर्वाह्न 11:00 बजे राजभवन परिसर स्थित राजेन्द्र मंडप में महामहिम राज्यपाल, बिहार के पद की शपथ दिलाई गई। माननीय पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश श्री मुकेशकुमार रसिकभाई शाह ने राज्यपाल श्री टंडन को शपथ दिलाई।

भारतीय स्वतंत्रता–प्राप्ति के पश्चात् बिहार के 39वें महामहिम राज्यपाल के रूप में श्री लाल जी टंडन ने शपथ ली।

राज्यपाल ने हिन्दी भाषा में निम्नवत शपथ ली– ''**मैं, लाल जी टंडन, ईश्वर की शपथ लेता हूँ कि मैं श्रद्धापूर्वक बिहार के राज्यपाल के पद का कार्यपालन करूँगा तथा अपनी पूरी योग्यता से संविधान और विधि का परिरक्षण, संरक्षण और प्रतिरक्षण करूँगा और मैं बिहार की जनता की सेवा और कल्याण में निरत रहूँगा।**''

शपथ–ग्रहण–समारोह में बिहार के माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, बिहार विधान सभा के अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, बिहार सरकार के मंत्रीगण, लेडी गवर्नर श्रीमती कृष्णा टंडन, उत्तर प्रदेश सरकार के प्राविधिक शिक्षा एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री आशुतोष टंडन, पटना नगर निगम की मेयर श्रीमती सीता साहू, बिहार के लोकायुक्त, सूचनायुक्त, महाधिवक्ता, बिहार लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष, बिहार विधानमंडल के कई सदस्यगण, विभिन्न आयोगों/समितियों/बोर्डों/निगमों/प्राधिकारों आदि के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष, बिहार सरकार के वरीय प्रशासनिक अधिकारीगण, विभिन्न राजनीतिक दलों एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधिगण, महामहिम राज्यपाल के कई पारिवारिक जन तथा अन्य गणमान्य अतिथि आदि उपस्थित थे।

....